तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	सोहन लाल पंवार **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353782076473880	
27/11/25	अपीलार्थी सोहन लाल पंवार निवासी 42, दर्जियो का बास, धिगाणा, तहसील लूणी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 07.09.2025 श्रीमती कुटेन्द्र कंवर, तहसीलदार कुडी भगतासनी को वर्ष 2023 की वार्षिक वेतन वृद्धि के संबंध में व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी उपस्थित एवं रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 1104 दिनांक 14.10.2025 द्वारा अवगत करवाया की प्रार्थी द्वारा सूचना अधिकार मे चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक 2627120832 दिनांक 14.10.2025 द्वारा ऑनलाईन प्रेषित की जा चुकी है तथा लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) की तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर यह अपील खारित योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.11.27 18:24:50 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19077908